क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र(सी0आर0सी0)
(विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलय, भारत सरकार)
रेड क्रास भवन, नार्थ गांधी मैदान, पटना
ईमेल-crcpatna@rediffmail.com, टेलीफैक्स- 0612-2219333

प्रेस विज्ञप्ति

आज क्षेत्रीय विकलांग संयोजित पुनर्वास केन्द्र (सी0आर0सी0) जो कि विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत है ने आशा स्कूल, दानापुर कैंट, पटना के सहयोग से श्रवण बाधित बच्चों में वाक् एवं भाषा विकास हेतु अभिभावकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती माला जेटली ने दीप प्रज्जवलित करके प्रशिक्षण कार्यक्रम का सुभारम्भ किया तथा कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए सभी लोगों का स्वागत किया।

सी0आर0सी0 के प्रभारी अधिकारी, श्री श्याम सुन्दर मिश्रा ने अपने सम्बोधान में सी0आर0सी0 में उपलब्धा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विकलांगजनों के पुनर्वास हेतु सी0आर0सी0 द्वारा किये जा रहे प्रयास के बारे में बताया। श्री मिश्रा ने बालकों को अच्छी तरह से बातें करने में सहायता के लिए 'क्या करना' और 'क्या नहीं' करना चाहिए इस बारे में विस्तार से चर्चा की तथा अभिभावकों को अनेक कारगर सुझाव दिये और भरोसा जताया कि ये सुझाव अभिभावकों का मार्गदर्शन करेंगें।

आशा स्कूल की प्रचार्या महोदया श्रीमती मोनिका मनचन्दा ने अपने सम्बोधान में विषेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्कूल की तरु से किये जा रहे प्रयासों के बारे में बताया तथा स्कूल में कार्यरत विशेष शिक्षकों/शिक्षिकाओं का अभार व्यक्त किया जो इन बच्चों का जीवन सवारने में योगदान दे रहे है।

आशा स्कूल के सेक्रेटरी, कर्नल अजय भी कार्यक्रम में उपस्थित थे ने अपने सम्बोधान इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए सी0आर0सी0, पटना एवं स्कूल की प्रचार्या श्रीमती मोनिका मनचन्दा की सराहना की तथा भविष्य में इस तरह के टेक्निकल डिस्कशन आयोजन हेतु भरोसा जताया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सी0आर0सी0 के सहयोग से स्कूल में पढ़ रहे 8 बच्चों को श्रवण यंत्र (कान की मशीन) प्रदान किया गया। ये यंत्र बच्चों को अपनी शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति एवं संवाद में सहायक होगें।

कार्यक्रम में टेक्निकल सत्र का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों ने अपने बच्चों से जुड़ी समस्याओं को विशेषज्ञ सामने रखा तथा समस्याओं का निदान विशेषज्ञ श्रीमती नीतू कुमारी, श्री पिन्टू कुमार द्वारा श्री विनोद कुमार द्वारा किया गया। विशेषज्ञ द्वारा दी गयी सलाह पर अभिभावको ने प्रसन्नता व्यक्ति की।

श्याम सुन्दर मिश्र
(एस0एस0 मिश्रा) 16/10/15
प्रभारी अधिकारी
सी0आर0सी0, पटना